वर्ष : 1 | अंक : 1 | सितम्बर-अक्टूबर, 2023

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय


उच्च शिक्षा हेतु श्रेष्ठ विश्वविद्यालय

# न्यूज़ लेटर

हिन्दी संस्करण

## नित-नूतन उपलब्धियों को हासिल करता विश्व-फ़लक पर चमकता सितारा













## गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय : एक विहंगम अवलोकन

सितम्बर माह... सपनों को पंख लगाने का माह। अगस्त में पदार्पण किए विद्यार्थियों के लिए गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय का भव्य परिसर किसी पर्यटन-स्थल से कम नहीं। विश्वविद्यालय के प्रत्येक भवन एवं गलियों को जानने के लिए लालायित विद्यार्थी कक्षाओं में भी ज्ञान के तलाश में तत्पर रहते हैं। अब तक वे अपने प्राध्यापकों एवं साथियों से थोड़ा-बहुत परिचित हो चुके होते हैं और ग्रेटर-नोएड़ा की साफ-सुथरी सड़कों से भी। भ्रमण और ज्ञान दोनों ही साथ-साथ चल रहा होता है और भविष्य का लक्ष्य ज्ञानार्जन के निशाने पर सधा हुआ होता है। साध्य तक पहुँचने हेतु साधना की यात्रा का पहला पड़ाव प्रथम मध्यसत्रीय परीक्षा में भय, कल्पना और यथार्थ का जो कोलाज बनता है वही भविष्य की रूपरेखा तय करता है। जो साधना पर अडिग रहता है वह निखर जाता है और जो डिग जाता है वह बिखर जाता है। पर ज्ञान का मंदिर प्रत्येक छात्र को उनके अपने अलग-अलग गुणों को निखारने का पूरा प्रयास करता है। महात्मा गौतम बुद्ध का दर्शन मानवता का पथ आलोकित करते हुए प्रौद्योगिकी में मानव-हितों का समावेश करता है।

जहाँ पहले से अध्ययनरत् विद्यार्थियों को दिशाएँ और दृष्टिकोण समझ में आ चुका होता है, वहीं नव-सुकोमल विद्यार्थी दिशा और दृष्टिकोण की तलाश में जुट जाते हैं। जीवन में जिसने भी दिशा और दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से पहचान लिया, उसके लिए लक्ष्य तक पहुँचना सुगम हो जाता है।

गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय अपने छात्रों की दृष्टि में दिशा और दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए लक्ष्य तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपनी प्रतिबद्धता को सुनिश्चित करते हुए यह समाचार-पत्र विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, योजनाओं एवं कार्यों को रेखांकित करने हेतु प्रस्तुत है।

## मानानीय कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में जीबीयू की महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ : सितंबर-अक्टूबर माह

**प्रथम दस सूची में जी.बी.यू. को स्थान : यह हर्ष का विषय है कि Academic Insights Magazine के द्वारा आर्टिफिशियल इन्टेलिजेंस के लिए जारी प्रथम दस (Top Ten) सूची में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय को स्थान प्राप्त हुआ।**

**एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम में बी.एड. पाठ्यक्रम :** दिनांक 2 सितम्बर, 2023 को राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा अशोका होटल, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में एन.ई.पी. 2020 के अनुरूप आई.टी.आई.पी पर सूचना – साझाकरण सत्र का आयोजन किया गया। यहाँ उल्लेखनीय है कि आई.टी.आई.पी. (एकीकृत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम) आई.आई.टी., एन.आई.टी., केन्द्र और राज्य विश्वविद्यालयों सहित 42 संस्थानों / विश्वविद्यालयों को दिया गया था। जिसमें उत्तर प्रदेश के केवल तीन विश्वविद्यालय शामिल थे। उनमें से गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एकमात्र ऐसा विश्वविद्यालय रहा, जिसमें बी.ए., बीएड., बी.एस.सी.बी.एड. और बी.कॉम बी.एड. जैसे पाठ्यक्रम शामिल था, अर्थात् प्रत्येक कार्यक्रम में 50 सीटों के साथ गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश राज्य का एकमात्र विश्वविद्यालय है जहाँ सभी तीन कार्यक्रम एक साथ मिलते हैं। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा की प्रेरणा से बैठक में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की ओर डॉ. विनोद कुमार शनवाल एवं डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव शामिल हुए।





डॉ. विनोद कुमार शनवाल एवं डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव

### शिक्षक दिवस पर राष्ट्रपति भवन में आमंत्रण :

दिनांक 5 सितम्बर, 2023 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के शिक्षकों को शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में आमंत्रित किया गया था। विश्वविद्यालय के नौ संकाय सदस्यों की एक टीम जिसमें डॉ. विक्रांत नैन, डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. शक्ति शाही, डॉ. सतीश के. मित्तल, डॉ. विदुषी शर्मा, डॉ. पंकज दीप, डॉ. विवेक मिश्रा, डॉ. विमलेश कुमार ने शामिल होकर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

**वेन. थिच गियाक होआंग का दौरा :**

3 सितम्बर, 2023 को वियतनाम बौद्ध विश्वविद्यालय के सह दूरस्थ शिक्षा प्रमुख वेन. थिच गियाक होआंग ने जी.बी.यू का दौरा किया। उन्होंने जीबीयू के बौद्ध दर्शन के छात्रों की सराहना की।



वेन. थिच गियाक होआंग, डॉ. अरविन्द कुमार, डॉ. ज्ञानादित्य शाक्या विद्यार्थियों के साथ




Teachers Day:

**कृष्ण जन्माष्टमी : दिनांक 6 सितम्बर, 2023 को विश्वविद्यालय के प्रेक्षागृह में इस्कॉन असोसिएशन ने कृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया । इस अवसर पर संगीत, नृत्य, महाअभिदेशक, ड्रामा, कीर्तन आदि कार्यक्रम हुए ।**

**एक-दिवसीय कार्यशाला :**

दिनांक 9 सितम्बर, 2023 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय ने स्टार्टअप और इनक्यूबेशन के लिए विकासशील पारिस्थितिकी तंत्र पर एक-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। 5 सफल स्टार्टअप के संस्थापकों ने एक सफल नए व्यवसाय बनाने के तरिके पर अपने विचार साँझा किए। इस अवसर पर श्री अंकित अग्रवाल, इनोवटीव्यू लिमिटेड के संस्थापक और निदेशक श्री शिव अग्रवाल, वनवर्सिटी लिमिटेड के संस्थापक श्री गौरव झा, ड्रिफल लिमिटेड के संस्थापक और सीटीओ, आरआरएस इक्युकेशनल फाउंडेशन के संस्थापक श्री कीर्ति सिंह, सोहा ऑर्गेनिक्स की संस्थापक सुश्री शिखा चौहान, डॉ. अमित मिश्र एसटी माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स में वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित रहें। स्टार्टअप और नए उद्यमों के सौ उम्मीदवारों ने कार्यशाला में भाग लिया और सफलता के मंत्रों का लाभ उठाया।

“

पुस्तक-विमोचन :

दिनांक 9-10 सितम्बर, 2023 को काशी में उत्तर प्रदेश आर्किटेक्ट संगठन (UPAA) द्वारा स्थापत्य एवं कला समागम में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की आर्किटेक्ट डॉ. निर्मिता मेहरोत्रा की पुस्तक डिज़ाइन कॉमपेंडियम का विमोचन किया गया।

**छात्रों की भागीदारी :**

13 सितम्बर, 2023 को जीबीयू के इंजीनियरिंग के छात्रों ने सीएसआईआर-एनआईससीपीआर, न्यू दिल्ली में आयोजित 'ग्रामीण विकास के लिए प्रारंभिक नवाचार और कौशल विकास सम्मेलन' में भाग लिया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य था कि इन विद्यार्थियों को नई कृषि तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का मौका मिले, ताकि वे इसे अपने भविष्य में श्रेष्ठ इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में जा सकें। इस यात्रा के दौरान डॉ. अंशुल वार्ष्णेय (वैज्ञानिक) ने अपने फ्लूइड फ्लो स्टैंडर्ड लैब का प्रदर्शन किया।

**हिन्दी-दिवस :**

14 सितम्बर, 2023 को भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग द्वारा हिन्दी-दिवस के अवसर पर व्याख्यान एवं कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के मुख्य अतिथि कुलपति महोदय प्रो. रवीन्द्र सिन्हा ने 'वैश्विक परिप्रेक्ष्य में हिन्दी भाषा का महत्व', प्रो. एन. पी. मल्कानिया, शैक्षणिक अधिष्ठाता ने 'उच्च शिक्षा एवं शोध में हिन्दी भाषा', डॉ. विश्वास त्रिपाठी ने 'हिन्दी अस्मिता एवं भाषाई विमर्श', डॉ. दिवाकर गरवा ने 'हिन्दी की समृद्धि में लोकभाषाओं का योगदान' ने व्याख्यान दिया। इस अवसर पर मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान की अधिष्ठाता प्रो. वंदना पांडेय तथा भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश ने कवि शैलेन्द्र मधुर, कवयित्री डॉ. आभा श्रीवास्तव, कवि सुनहरी लाल तुरंत, कवयित्री डॉ. रेनू यादव, कवयित्री पावनी कुमारी, कवि सुनहरी लाल 'तुरंत', कवि वैभव वंदन को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. ओम प्रकाश एवं डॉ. विभावरी थे।



प्रो. वंदना पांडेय एवं डॉ. ओम प्रकाश द्वारा कवियों को सम्मान

**जीबीयू के छात्रों ने किया विश्वविद्यालय का नाम रोशन :**

13-27 सितम्बर, 2023 को नेपाल में आयोजित कोंती एम्बेसडर ओपन इंटरनेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीबीयू के दो छात्रों ने प्रतिभाग लिया। जिसमें विशाल नागर (बीबीए प्रथम वर्ष) ने भारत के लिए 74 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर पूरे देश का नाम रोशन किया। निखिल तोमर (बीए एलएलबी प्रथम वर्ष) ने 80 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रतियोगिता में 12 देशों के करीब 2000 खिलाडियों ने हिस्सा लिया था।

**कार्यशाला :**

18 सितम्बर, 2023 को जीबीयू के राष्ट्रीय सेवा योजना ने लैंगिक समानता पर कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें आमंत्रित वक्ता मीनाक्षी एवं वनिता जी ने लैंगिक समानता पर प्रकाश डाला।

**एन.जी.ओ. का दौरा :**
18 सितम्बर, 2023 को समाज कार्य विभाग ने 'ओरिएनटेशन विजिट' कार्यक्रम के तहत एनजीओ C3 – Collaborate to Creater Change का दौरा किया । इस अवसर पर उनका काम बेहतर तरिके से समझने के लिए प्राथमिक विद्यालय, क्यामपुर का निरीक्षण भी किया । इस अवसर पर समाज कार्यविभाग के कोर्स को-ऑर्डिनेटर डॉ. सिद्दरामु के साथ अन्य प्राध्यापक भी मौजूद रहें तथा C3 सहयोगी नसरीन और रीता सिंह ने एनजीओ के पूरे काम को टीम के सामने प्रस्तुत किया ।

**छात्रावास में गणेश चतुर्थी** : 19 सितम्बर, 2023 रमाबाई अम्बेडकर महिला छात्रावास में गणेश चतुर्थी मनाई गई ।

**छात्रावास में फेशर्स पार्टी :** 18 सितम्बर, 2023 को महिला छात्रावास में फेशर्स पार्टी का आयोजन हुआ । जिसमें मिस फेशर्स बी.टेक. की छात्रा 'संस्कृति' चुनी गई ।

## अंतर्राष्ट्रीय ट्रेड शो में जीबीयू का स्टॉल :





जी.बी.यू. का स्टॉल

ग्रेटर नोएडा के एक्स्पो मार्ट में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का आयोजन हुआ । जिसका उद्घाटन भारत के राष्ट्रपति के कर-कमलों से तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की उपस्थिति में हुआ । इस ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश की प्रगति एवं विकास के समग्र प्रदर्शन को दर्शाया गया, जो इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अद्वितीय प्रदर्शन रहा । 23 सितम्बर, 2023 को 'शिक्षा और उद्योग के क्षेत्र में उद्योग-शैक्षिक सहयोग में सामंजस्य बनाना' ज्ञान सत्र का आयोजन किया गया । जिसका प्रतिनिधित्व जी.बी.यू. की असोसिएट प्रोफेसर डॉ. इन्दू उप्रेति ने किया । इसमें 2000 से अधिक स्टॉल्स का विस्तार समाहित रहा, जो राज्य के विकास के विभिन्न परियोजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हैं । इस प्रदर्शनी में जी.बी.यू. ने भी अपना स्टॉल लगाया । जिसके अंतर्गत जी.बी.यू. ने अपनी स्थापना से लेकर भविष्य की दिशा तथा ड्रोन प्रौद्योगिकी के इतिहास का प्रदर्शन किया, जिसका दौरा कुलाधिपति महोदय ने स्वयं किया ।

दिनांक 24 सितम्बर, 2023 को कुलाधिपति श्री योगी आदित्यनाथ जी मोटोजीपी कार्यक्रम में विजेताओं को पुरस्कृत करने गौतम बुद्ध नगर के दौरे के दौरान आयें । जी.बी. यू. के कन्वेन्शन सेंटर में उन्हें बुद्ध की जीवनी और बौद्ध धार्मिक प्रतीकों की एक प्रदर्शनी जो मोटोजीपी के विदेशी दर्शकों के लिए लगायी गई थी, दिखाई गई । प्रदर्शनी में बुद्ध के जीवन से संबंधित घटनाओं को प्रदर्शित किया गया, जैसे कि गृहत्याग, जीवन, महापरिनिर्वाण आदि के कुछ बौद्ध प्रतीकों के झलकियों को दर्शाया गया ।



मोटोजीपी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं जीबीयू के कुलाधिपति श्री योगी आदित्यनाथ

“

**एन.एस.एस. स्थापना दिवस :**

24 सितम्बर, 2023 को एन.एस.एस. स्थापना दिवस के अवसर पर जीबीयू की एन.एस.एस. टीम द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के शॉपिंग कॉम्पलेक्स में सफाई अभियान चलाया गया । जिसके बाद ऑनलाइन व्याख्यान के कार्यक्रम में डॉ. सतीश चन्द्रा 'मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए और छात्रों के सवालों का जवाब दिया ।

**संगोष्ठी :**

25 सितंबर, 2023 को राजनीति विज्ञान विभाग और सीमा जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में मादक द्रव्य आतंकवाद (नार्को आतंकवाद) और राष्ट्रीय सुरक्षा पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ । जिसका शुभारंभ कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा ने किया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सुरेश कुमार शर्मा, पूर्व आई.पी.एस. एवं सीमा जागरण स्टेट के प्रेसिडेंट लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नितिन कोहली, डॉ. श्रीश पाठक, डॉ. ममता उपस्थित रहीं ।

**समाज कार्य विभाग के छात्रों की प्रतिभागिता :**

जी.बी.यू के समाज कार्य विभाग के छात्र प्रगति मैदान में डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज सीएसआर कार्यक्रम में शामिल हुए । 25 एवं 26 सितम्बर को दो दिवसीय इस कार्यक्रम में छात्रों को विभिन्न कंपनियों द्वारा एन.सी.आर. प्रोजेक्ट के विषय में विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई गई इस मौकै पर छात्रों ने महारतन, नौरतन एवं मिनीरतन कंपनियों के विषय में जाना और रोजगार के अवसर भी तलाश किए ।

**प्रवृत्तिक कार्यशाला :**

21-25 सितम्बर, 2023 को जी.बी.यू. के वास्तुकला एवं योजना विभाग के छात्रों ने एक प्रवृत्तिक कार्यशाला का आयोजन किया । जिसमें युवा वास्तुकारों एवं इंटीरियर डिजाइनर्स ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया । इस कार्यशाला की मुख्य विशेषता एक घर के मास्टर रूप से ध्यान में बनाए गए कॉन्क्रीट मॉडल का 1:10 के स्केल में निर्माण हुआ । जिसमें छात्रों ने अपने कौशल एवं समर्पण से सीमेंट, ईंट, बजरी और सरिया से दीवार बनाई जबकि स्तंभ, बीम्स और स्लैब M-20 ग्रेड कॉन्क्रीट से निर्मित थे । इस कार्यशाला से वास्तुकला और डिज़ाइन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों की ओर कदम रखने की पहल है ।

**वॉलीबॉल इंविटेशनल टूर्नामेंट :**

**26-27 सितम्बर, 2023 को जीबीयू के क्रीड़ा परिषद के सौजन्य से वॉलीबॉल इंविटेशनल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ । जिसमें कुल 14 टीमों ने पंजीयन करवाया । फाइनल मैच शारदा बनाम काईट के बीच खेला गया और इसमें शारदा विश्वविद्यालय ने विजय प्राप्त की । टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 2100 प्रथम स्थान के लिए तथा द्वितीय स्थान पाने वाले के लिए 1100 प्रदान किया गया । इस टूर्नामेंट में पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय श्री रवीन्द्र कुमार सिन्हा जी रहें ।**



कुलपति महोदय श्री रवीन्द्र कुमार सिन्हा
विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए

“

**इनोवेशन क्लस्टर :**



नोएडा और ग्रेटर नोएडा ने संयुक्त रूप से नॉलेज एंड इनोवेशन क्लस्टर बनाने की शुरुआत की। जीबीयू के माननीय कुलपति प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सिन्हा के सक्षम नेतृत्व में दस उद्योगों और जीआर नोएडा चैप्टर के आई आईटी रुर्के एलुमनी एसोसिएशन के पन्द्रह अच्छी तरह से साधन संपन्न और वरिष्ठ स्तर के विशेषज्ञों ने शामिल होकर एजेंडा बिन्दुओं को अंतिम रूप देने के लिए विचार विमर्श किया। बेरोजगारी को कम करने, ज्ञान प्रबंधन बढ़ाने और 9 विश्वविद्यालयों, 16 सरकारी संस्थानों, सैकड़ों निजी शैक्षणिक संस्थानों और विभिन्न उद्योंगों की 100 कंपनियों के बीच संसाधनों के इष्टतम् उपयोग के लिए कई विचारों पर चर्चा की गई। इस प्रयास का उद्देश्य शिक्षा और उद्योग की जरूरतों के अंतर को कम करने पर ध्यान केन्द्रित करना रहा। इस बैठक में जीबीयू इन्क्यूबेशन सेंटर के मुख्य परिवर्तनकारी अधिकारी डॉ. शक्ति साही ने टिकाऊ नवाचार और इनक्यूबेशन पर्यावरण के लिए अधिक पेटेंट और कॉपीराइट की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और नोएडा-ग्रेटर नोएडा-नॉलेज इन इनोवेशन नेटवर्क (एनजीएन-केआईएन) के नाम से एक एसोसिएशन बनाने का निर्णय लिया गया।

**अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस :**

29-30 सितम्बर, 2023 को डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश एंड मॉडर्न यूरोपिय लैंग्वेजेज द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद प्रतियोगिता, विविधता में एकता विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, विश्व शांति और अनुवाद एवं स्याही तथा भावना का महत्त्व (द्विभाषीय स्वरचित काव्य प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ए.आर.एस.डी. कॉलेज के प्राध्यापक एवं लेखक, अनुवादक एवं द्विभाषीय स्तम्भ लेखक डॉ. गौतम चौबे उपस्थित रहें। डॉ. गौतम चौबे ने अनुवाद की उपयोगिता एवं अनुवाद में रोजगार की संभावनाओं से छात्रों को अवगत करवाया।




**भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी समागम :**

“30 सितम्बर और 1 अक्टूबर, 2023 को शिक्षा मंत्रालय एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा आयोजित भारतीय भाषा प्रौद्योगिकी समागम में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण (डॉ. विदुषी शर्मा, डॉ. राजेश कुमार मिश्रा, डॉ. विपाशा सोम, डॉ. रेनू यादव) एवं छात्रों (सुश्री ज्योति गौरव, अभिषेक त्रिपाठी) ने भाग लिया। इस समागम में भारत से विभिन्न राज्यों से पधारे विद्वानों ने भारतीय भाषाओं में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने एवं मातृभाषा में शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों पर विचार रखें।

“

**राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जयंती :**

2 अक्टूबर, 2023 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जयंती मनायी गई। इस अवसर पर गाँधी जी के जीवन, दर्शन अहिंसात्मक रणनीति पर चर्चा की गई।





NCC की छात्राओं ने 31 यूपी गर्ल्स बटालियन का किया प्रतिनिधित्व : गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय की NCC कैडेट्स की दो छात्राएँ 'कामाक्षी त्यागी' तथा 'चारू पवार' ने गाजियाबाद ग्रुप के 31 यूपी गर्ल्स बटालियन का प्रतिनिधित्व किया।

**जी.बी.यू. एवं CSIR, CBRI, रुड़की के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित:** दिनांक 3 अक्टूबर, 2023 को स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग ने ‘विरासत आयाम : वास्तुकला एवं क्षेत्रीय योजना विभाग’ द्वारा आयोजित ‘विरासत एवं उसके आयाम’ थीम पर कार्यक्रम गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय एवं CSIR और CBRI, रुड़की के सहयोग से विरासत के प्रमुख पहलुओं का परीक्षण किया। जिसका उद्देश्य विरासत की बहुमुखी प्रकृति को समझना था। इस कार्यक्रम में NCCBM के महानिदेशक डॉ. एल.पी.सिंह, विशेषज्ञ अचल मित्तल, मुख्य वैज्ञानिक डॉ. देवदत्त घोष तथा डॉ. सिद्धार्थ बेहरा उपस्थित थे

**राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के साथ समझौता:** 4 अक्टूबर, 2023 को जी.बी.यू. ने गृह मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान के साथ समझौता किया। जिसके माध्यम से आपदा प्रबंधन प्रक्रिया को मजबूत और सुचारू बनाने और आपदा जोखिम कारकों के बारे में जागरूकता और मैदान में त्वरित आपदा स्थितियों का ठीक और प्रभावी तरिके से निपटने समेत नई पीढ़ी को मेंटरिंग एवं हेंड होल्डिंग करने के क्षेत्र में पहले से तैयार करना इसका मुख्य उद्देश्य था। श्री राजेन्द्र रतनू, कार्यकारी निदेशक, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान (NIDM) तथा जीबीयू के कुलसचिव द्वारा समझौते पर हस्ताक्षर किया गया।



जीबीयू के कुलपति रवीन्द्र कुमार सिन्हा एवं एनआईडीएम के निदेशक श्री राजेन्द्र रतनू के साथ समझौता ज्ञापन की टीम



**फ्री हेल्थ कैंप का आयोजन:**

5 अक्टूबर, 2023 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग के छात्रों ने शारदा हॉस्पीटल के साथ मिलकर फ्री हेल्थ कैंप का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम में करीब 175 ग्रामीणों ने लाभ उठाया जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी जिन्होंने अपनी अलग अलग बीमारियों के लिए डॉ. से मुफ्त सलाह एवं मुफ्त दवाइयाँ भी प्राप्त कीं।

“


**दो-दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन :**
4 एवं 5 अक्टूबर, 2023 को शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग के अंतर्गत विभिन्न कोर्स जैसे कि परास्नातक, शिक्षाशास्त्र, B.P.S., NEP 2020 के अंतर्गत विश्वविद्यालय में एकीकृत अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए दो-दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके सहपाठियों, प्रवक्ताओं तथा विश्वविद्यालय के साथ एक नई यात्रा हेतु परिचित करवाना था। यहाँ उल्लेखनीय है कि इस प्रोग्राम हेतु राष्ट्रीय शिक्षक परीक्षण परीषद ने पायलट प्रोजेक्ट के अंतर्गत देश के 42 विश्वविद्यालयों का चयन किया था। गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय तीनों स्ट्रीम्स में अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम को उपलब्ध करवाने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र विश्वविद्यालय है।

**विशेषज्ञ व्याख्यान :**
**6 अक्टूबर, 2023 को अर्थशास्त्र, योजना एवं विकास विभाग द्वारा '21वीं सदी में करियर और अवधारणाएँ' विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ. सुरोजीत साहा प्रमुख वक्ता थे।**




**प्री-कॉन्फ्रेन्स वर्कशॉप : 10 अक्टूबर, 2023 को जैव प्रौद्योगिकी द्वारा 'स्ट्रक्चरल बायोलॉजी एंड ड्रग डिस्कवरी कॉन्फ्रेन्स-2023' का प्री-कॉन्फ्रेन्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 50 प्रतिभागियों को डॉ. कौशिक कसवजहला और डॉ. विनोद देवराजी दो वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने अपने ज्ञान, अनुभव और संरचना-आधारित दवा डिजाइन से संबंधित प्रशिक्षण दिया था।**

**दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन :** 11-12 अक्टूबर, 2023 को स्कूल ऑफ बायोटेक्नॉलॉजी द्वारा 'स्ट्रक्चरल बायोलॉजी एंड ड्रग डिस्कवरी कॉन्फ्रेन्स-2023' पर दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि एम्स नई दिल्ली के प्रोफेसर टी.पी. सिंह तथा BHU के पूर्व कुलपति मुख्य अतिथि प्रो. राकेश भटनागर उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में NUS, सिंगापुर के प्रो. जे.शिवराम, दिल्ली के प्रो. बी.जयराम, जामिया हमदर्द के प्रो. फैजान अहमद, RCB, फरीदाबाद के प्रो. वेगाडेसन कृष्णन ने व्याख्यान दिया। इस अवसर पर पोस्टर प्रदर्शनी और स्ट्रक्चरल बायोलॉजी के क्षेत्र में वैज्ञानिक-वार्ता की गई।



प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा के साथ अन्य विद्वान

**मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन :** 11 अक्टूबर, 2023 को जीबीयू तथा बैक्सन होमियोपैथिक मेडिकल कॉलेज द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह का आयोजन किया गया, जिसका मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर प्रकाश डाला गया, साथ ही मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता रैली निकाली गई।

**ई-स्पोर्टस टूर्नामेंट :** 13 अक्टूबर, 2023 को गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में ई-स्पोर्टस टूर्नामेंट का आयोजन किया गया जिसमें बी.टेक आई.टी और कम्प्यूटर विज्ञान के 700 छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें ई-शतरंज में जीबीयू के विवेक कुमार छात्र विजेता रहें



**बुद्ध प्रतिमा का लोकार्पण :** 14 अक्टूबर, 2023 को बौद्ध दर्शन एवं सभ्यता संकाय ने जीबीयू के ध्यान केन्द्र में बुद्ध प्रतिमा का लोकार्पण किया गया तथा दो-दिवसीय ध्यान साधना कार्यक्रम का आयोजन किया।






महात्मा गौतम बुद्ध की प्रतिमा

**विश्व खाद्य दिवस: 16 अक्टूबर,** 2023 को 'विश्व खाद्य दिवस' के अवसर पर प्रौद्योगिकी विकास और पर्यावरण विभाग, स्कूल ऑफ वोकेशनल स्टडीज के द्वारा 'जल ही जीवन है, जल ही भोजन है, किसी को पीछे न छोड़ें' थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ईश्वर सिंह मुख्य अतिथि रहें और गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में स्थित अन्य उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्रों ने विश्व खाद्य दिवस 2023 को चिन्हित करने के लिए आयोजित कई क्रार्यक्रमों में सक्रिय एवं उत्साहपूर्वक भाग लिया। विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय ने अपने उत्पादकों को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न संगठनों एवं खाद्य कंपनियों की भागीदारी की सराहना की।



**कार्यशाला :**

16 अक्टूबर, 2023 को विद्युत अभियांत्रिक विभाग द्वारा 'विद्युत ड्राइंग एवं ले आउट के महत्त्व' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सोफकॉन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोएडा के सीनियर विभागीय अधिकारी, इंजीनियर आवेश भटनागर और इंजीनियर जया जी इस कार्यशाला के दौरान सॉफ्टवेयर एवं विद्युत ड्राइंग के बारे में बहुत सारी महत्त्वपूर्ण जानकारी दी।

**साइबर सुरक्षा सप्ताह :**

16-17 अक्टूबर, 2023 को जी.बी.यू. के लीगल एड क्लिनिक द्वारा 'सर्तकता ही बचाव है' थीम पर साइबर सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें 'साइबर अपराध : समस्या और समाधान पर वाद विवाद प्रतियोगिता' तथा 'साइबर जागरूकता अभियान' विषय पर रैली का आयोजन किया गया।

**कम्पनियों का दौरा :**

26 अक्टूबर, 2023 को जीबीयू में रोबोटिक्स केन्द्र स्थापना के क्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति रवीन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा अपनी टीम के साथ एडवर्ब कम्पनी का दौरा किया गया। यह टीम अब तक कई कम्पनियों का दौरा कर चुकी है। कम्पनी के संस्थापक सतीश शुक्ला के साथ रोबोटिक्स के भविष्य एवं केन्द्र स्थापित करने के लिए सारगर्भित चर्चा हुई।




कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा के साथ विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगणt



## अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन :

28 अक्टूबर, 2023 को 'अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस' तथा विपश्यना आचार्य डॉ. सत्य नारायण गोएंका के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय तथा अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ के संयुक्त तत्वावधान में 'बुद्ध धर्म के सिद्धांत और वैश्विक कल्याण : प्रकृति, महत्त्व और प्रयोज्यता' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने और बौद्ध शिक्षा की नींव मजबूत करने हेतु सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन कल्चर स्टडीज (सीआईएचसीएस) के निदेशक डॉ गुरमेत दोरजे का सहयोग प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगियों के रूप में डोंगगुक विश्वविद्यालय, धम्मदुता चेंकिंडा विश्वविद्यालय और धम्मचाई इंटरनेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल थे। इस सम्मेलन को प्रभावशाली बनाने हेतु श्री अभिजीत हलदर, प्रोफेसर रवीन्द्र पंथ और डॉ. नीरज कुमार का अमूल्य सहयोग एवं समर्थन प्राप्त हुआ। जिसमें सार्क जर्नलिस्ट फोरम के अध्यक्ष राजू लामा तथा अन्य लोकल मीडिया का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

जिसके मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविद, कोटे अध्याय श्रीलंका के सर्वोपाध्यक्ष विशेष अतिथि वरिष्ठ प्रोफेसर कोटापितिये राहुल अनुनायक थेरा, अंतर्राष्ट्रीय बुद्धिष्ट महासंघ, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के जनरल सेक्रेटरी डॉ. धम्मपिया पधारे थे। इस कार्यक्रम में यू.के. रूस, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, म्यांमार, कंबोडिया, थाइलैंड, श्रीलंका, भूटान जैसे देशों के प्रतिनिधि विद्वान शामिल रहें। नेपाल, ताइवान सहित सात देशों के राजदूतों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम के समापन समारोह के मुख्य अतिथि जवाहरलाल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संतिश्री धूलिपुदी पंडित ने अपना वक्तव्य रखा।









## प्लेसमेंट :

सत्र 2022-23 में 50 से अधिक कम्पनियों ने कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव चलाया । प्लेसमेंट सहायता के लिए कुल 450 छात्रों ने पंजीकरण करवाया, जिनमें से 320 छात्रों को प्लेसमेंट (71% प्लेसमेंट) मिला। 75% से अधिक इंजीनियरिंग तथा प्रबंधन (मैनेजमेंट) के छात्रों को नौकरी मिली । 10 से अधिक छात्रों को 10 लाख सालाना पैकेज से ऊपर तथा लगभग 50 छात्रों को 5 लाख सालाना पैकेज के ऊपर स्थान मिला । बी.टेक. (एमई) के दो छात्रों को एक बहुराष्ट्रीय आटा कंपनी में विदेशी ऑफर मिला ।

एक्सीस बैंक, एच.सी.एल., एक्सेंचर, टीसीएस, नागारो सॉफ्टवेयर, होंडा कार्स, स्मार्ट क्यूब, टेकियन, इंडिया मार्ट, क्रोमा, पीडब्ल्यूसी, एसबीआई लाइफ, जिंदल स्टील, डेकाथलॉन, स्पार्क मिंडा, जैनपैक्ट आदि प्रमुख बैंक एवं कंपनियों में छात्रों के प्लेसमेंट हुए ।

श्री ओम शर्मा, बी.टेक. (आई.टी.) के छात्र को माइक्रोसॉफ्ट से 51 लाख सालाना पैकेज का प्री-प्लेसमेंट ऑफर मिला ।




## डॉक्टरेट की उपाधि :

विश्वविद्यालय में तीन विद्यार्थियों विधि, न्याय एवं प्रशासन संकाय में डॉ. रमा शर्मा के निर्देशन में स्वाति गाँधी, जैव प्रौद्योगिकी संकाय में डॉ. भूपेन्द्र चौधरी के निर्देशन में अनुरुद्धभाभाई कनुभाई खुमाण, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में डॉ. नवीन कुमार के निर्देशन में प्राची अग्रवाल को डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त हुई ।






## संपादकीय-मंडल

**प्रमुख संरक्षक : प्रो. रवीन्द्र कुमार सिन्हा, कुलपति, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

**संरक्षक : डॉ. विश्वास त्रिपाठी, कुलसचिव, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**

**मुख्य संपादक : प्रो. बंदना पांडेय, अधिष्ठाता, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय**

**संपादक : हिन्दी संस्करण : डॉ. रेनू यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर, भारतीय भाषा एवं साहित्य विभाग, एच.एच.एस.**

**तकनीकि सहयोग : श्री राजकुमार, तकनीकी अधिक्षक, सीसीसी**

**शिक्षणेत्तर सहयोगी : अमित, कार्यालय सहायक, कुलपति ऑफिस, गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय**


**नोट : यह न्यूज़ लेटर विश्वविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों को रेखांकित करने हेतु सूचना मात्र है, न कि कानूनी दस्तावेज़ ।**